# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा
## जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118

PH: 07726-220312 website:www.gnapgcollege.com Email:govtgnapgcollege@gmail.com


क्रमांक/116 /पं.मु./2020 भाटापारा, दिनांक 04/02/2020

प्रति,

उप कुलसचिव (प्रशा.),
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषय– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह जनवरी 2020।

संदर्भ– आपका पत्र क्र 2236/सा.प्रशा./स्वच्छता/एफ–65/2017/रायपुर दिनांक 12.06.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पंचमुखी विकास कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्य किये गये –

1. एन.एस.एस. की संयुक्त इकाई के तत्वाधान में दिनांक 04/01/2020 को यू–रिपोर्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एक दिवसीय **सोशल मीडिया वर्कशाप** का आयोजन किया गया, जिसमें 71 छात्र–छात्राओं का यू–रिपोर्ट इंडिया में व्हाट्सअप एवं मैसेंजर के माध्यम से पंजीयन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से जन सामान्य से जुड़े मुद्दो पर जन जागरूकता प्रसारित करने के ऊपर नई टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता एन.एस.एस. के जिला संगठक श्री देवानंद बोरकर रहें।
2. स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख डॉ.सी. आर. डहरिया ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और युवाओं के लिए उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। शिकागो धर्म सम्मेलन से लेकर भारत में उनके किए कार्यो की विस्तृत समीक्षा दी। एन.एस. एस. के छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी ने विवेकानंद के व्यक्तित्व और उनकी वैचारिक महता पर प्रकाश डाला। एन.एस.एस. के छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकिरण कुजूर ने आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में स्वामी विवेकानंद के महत्व पर विचार रखें।
   इस आयोजन में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान– पर पम्मी कौशल एवं भानुप्रताप द्वितीय स्थान– विनती मिश्रा एवं हिमांशु एवं रंजीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
3. दिनांक 15/01/2020 को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन में श्री दिनकर, एस.डी.ओ.पी., श्री महेश कुमार ध्रुव, टी.आई एवं श्री भागवत, यातायत प्रभारी के द्वारा यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं संकेतकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। श्री दिनकर ने सड़क सुरक्षा संकेतकों एवं नियमों के बारे में बहुत रोचक तरीके से विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ.सी.आर.डहरिया ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के लिए सभी छात्रों को प्रेरित किया। क्रीडाधिकारी डॉ.जितेन्द्र मिश्रा ने छात्रों को यातायात नियमों को पालन करने के लिए संकल्प दिलाया।
4. दिनांक 18/01/2020 को फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिल रेस का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 18/01/2020 को फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिल रेस का आयोजन किया गया।
6. दिनांक 18/01/2020 को महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत छात्र–छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ एवं गुजरात की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।
7. दिनांक 20/01/2020 से 30/01/2020 तक अंग्रेजी विभाग द्वारा English Grammar Classes "English is not as difficult" आयोजित की गई। जिसमें डॉ.निधि गुप्ता सहायक प्राध्यापक–अंग्रेजी व प्रियंका पाटले, अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी द्वारा पंजीकृत छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी व्याकरण की बारिकियों को सिखाया गया।
8. दिनांक 21/01/2020 को महाविद्यालय में **"मूलभूत कर्तव्य एवं सविधान तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन व नियम"** पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, भाटापारा से सहायक प्राध्यापक डॉ.ए.एल.ध्रुवंशी ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेद के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। इसके साथ डॉ. रामआशीष श्रीवास्तव ने भ्रष्टाचार के उन्मूलन संबंधी कानून पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिनांक 22/01/2020 को लक्ष्य हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत महाविद्यालय में चिराग वैलफेयर सोसायटी की श्रीमती जागेश्वरी वर्मा का व्याख्यान बाल संरक्षण पर आयोजित किया गया तथा छात्र–छात्राओं को बाल फिल्म "झलकी" दिखाई गई।

10. महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सेल के द्वारा दिनांक 24/01/2020 शुक्रवार को 11 बजे महेन्द्र कोचिंग रायपुर द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व सफलता प्राप्त करने की तकनीक बताई गई। कोचिंग के संचालक श्री रघुनंदन तिवारी व उनकी फैकल्टी श्री सागर यादव, श्री मनीष वर्मा, श्री धीरज यादव ने छात्र–छात्राओं को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सतत् परिश्रम, अच्छी रणनीति और संयम प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा श्री तिवारी ने रेलवे, एस.एस.सी. बैंकिंग, व्यापम इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी की विस्तार से चर्चा की। हाईस्कूल से हायर सेकण्डरी के कोर्स की जानकारी रखने के साथ–साथ हिन्दी अंग्रेजी सामान्य अध्ययन और समसामयिक घटनाओं के लिए प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्री सागर यादव ने समय पर विशेष ध्यान देते हुए बिना केलकुलेटर के गणित के कठिन प्रश्नों को कम समय में हल करने का तरीका बताया। श्री मनीष वर्मा ने छत्तीसगढ़ से संबंधित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नो की चर्चा की। श्री धीरज यादव ने रिजनिंग, लाजिक और कोडिंग के प्रश्नो को सरल तरीके से समझाया।

11. महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं को दिनांक 24/01/2020 शुक्रवार को पंचम दीवान स्कूल, भाटापारा में स्थापित अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के द्वारा संचालित Skill and Entrepreneurship Development Institute में तकनीकी ज्ञानार्जन करने शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। SEDI संस्था में संचालक **श्री विक्रम चौहान, श्री संजीव कुमार एवं साथी श्री जे.सत्यकिरण** द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं का कैरियर डाईडेन्स एवं उद्यमिता संबंध में विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने कैरियर को आगे बढ़ाने तकनीकी क्षेत्र में जानकारी एकत्रित की। इसके साथ ही संस्था में उपलब्ध तकनीकी ज्ञान व होटल मैनेजमेंट से संबंधित अतिरिक्त जानकारी प्रदान की गई।

12. दिनांक 27/01/2020 को महाविद्यालय की एन.एस.एस इकाई, वनस्पतिशास्त्र विभाग, रसायनशास्त्र विभाग, भूगोल विभाग, के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें वनस्पतिशास्त्र के छात्र–छात्राओं ने मदकूद्वीप व आसपास के क्षेत्र मे वनस्पति व जैव विविधता का अध्ययन किया। भूगोल के छात्र–छात्राओं ने मदकूद्वीप का क्षेत्रफल मापने तथा मानचित्र तैयार करने हेतु समपटल सर्वेक्षण तथा जरीब सर्वेक्षण किया गया। महाविद्यालय के एन.एस.एस. के छात्र–छात्राओं द्वारा द्वीप क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का उन्मूलन हेतु सफाई कार्य तथा मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया और मतदाता जागरूकता हेतु एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। रसायनशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा द्वीप के चारो ओर और आंतरिक भाग का जल परीक्षण तथा मृदा गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

13. दिनांक 29/01/2020 से 08/02/2020 तक रा.से.यो. एवं कौशल विकास व व्यक्तित्व विकास समिति द्वारा छात्राओं के कौशल विकास हेतु सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

14. क्रीड़ा विभाग की गतिविधियों में विशेष रूप से कानपुर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय जूडो पुरूष प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 02 खिलाड़ी छात्रों ने पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व किया एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि जूडो महिला में विगत माह 3 खिलाड़ी छात्राओं ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था।

4.2.2020

प्राचार्य

शा. ग. न. स्ना. को. महाविद्यालय भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

संलग्न :– कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स।

पृ. क्रमांक/117/पं.मु./2020 भाटापारा, दिनांक 04/02/2020

<u>प्रतिलिपि :–</u>

1– आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन,अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।

2– प्राचार्य, शास.डी.के.स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार को सूचनार्थ।

4.2.2020

प्राचार्य

शा. ग. न. स्ना. को. महाविद्यालय भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य

## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा
## जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118

PH/FAX: 07726-220312 website:www.govtgnapgcollege.in Email:govtgnapgcollege@gmail.com

क्र 269/2019–20 भाटापारा, दिनांक 03/03/2020

प्रति,

उप कुलसचिव,
पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषय– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह फरवरी 2020।

संदर्भ– आपका पत्र क्र 2236/सा.प्रशा./स्वच्छता/एफ–65/2017/रायपुर दिनांक 12.06.2017

00

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि :–

1– महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई।

2 फरवरी माह वार्षिक क्रीड़ा दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गतभाला फेंक, दौड, उंची कूद, लंबी कूद, टैबल टैनिस आदि प्रतियोगिताये आयोजित की गई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

3 दिनांक 06.02.2020 से 14.02.2020 तक वार्षिक तक वार्षिकोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न साहित्यक ( निबंध,तात्कालिक भाषण, वाद–विवाद, परिचर्चा, समूह–चर्चा, प्रश्नोत्तरी) सांस्कृतिक (चित्रकला, केश–सज्जा, सलाद–सज्जा,नेल आर्ट, आमंत्रण पत्र प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, पुष्प सज्जा, रंगोली, व्यंजन वेस्ट आफ वेस्ट) आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

4– दिनांक 18.02.2020 को छ.ग.राज्य की पहली महिला आई.पी.एस. एवं वर्तमान में थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण श्रीमती अंकिता शर्मा द्वारा एन.एस.एस. एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को संबोधित कर उन्हे कैरियर एवं सामाजिक मुददों पर मार्गदर्शन दिया गया।

5– महाविद्यालय में दिनांक वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सत्र 2019–20 दिनांक 28/02/2020 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश वर्मा, अध्यक्ष–जिला पंचायत बलौदा बाजार–भाटापारा एवं विशिष्ट अतिथि श्री आकाश शर्मा, श्री सत्यनारायण ठाकुर श्री अमित शर्मा रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. चित्ररेखा डहरिया ने की। कार्यक्रम में सत्र 2018–2019 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 12 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक, 23 को क्रीड़ा में पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि.रायपुर में प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। 06 विद्याथियों को विश्वविद्यालय में प्रावीणय सूची में स्थान प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया । अर्थशास्त्र विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र श्री विकास ध्रुव को यू.जी.सी. नेट क्वालिफाई होने पर सम्मानित किया गया। फाईन आर्ट में अखिल भारतीय, विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि.रायपुर का प्रतिनिधित्व करने हेतु योगेश कुमार को सम्मानित किया गया । एन.एस.एस. में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 02 छात्र एवं 02 छात्राओं को सम्मानित किया गया।

6– एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

3-3-2020

प्राचार्य
शास.गजानंद अग्रवाल स्नातको.
महाविद्यालय,भाटापारा

पृ.क्र 270/2019–20 भाटापारा, दिनांक 03/03/2020

प्रतिलिपि :–

1– आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन,अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।

2– प्राचार्य, शास.डी.के.स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार को सूचनार्थ।

प्राचार्य
शास.गजानंद अग्रवाल स्नातको.
महाविद्यालय,भाटापारा

# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा
जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118

PH: 07726-220312 website:www.gnapgcollege.com Email:govtgnapgcollege@gmail.com


क्रमांक / 620 / पं.मु. / 2020 भाटापारा, दिनांक 19/ 10 / 2020

प्रति,

उप कुलसचिव (प्रशा.),
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषय– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह ~~दिसम्बर 2019~~ सितम्बर 2020।

संदर्भ– आपका पत्र क्र 2236 / सा.प्रशा. / स्वच्छता / एफ–65 / 2017 / रायपुर दिनांक 12.06.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पंचमुखी विकास कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्य किये गये –

01. महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई।
02. दिनांक 24.09.2020 को महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापको एवं छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन माध्यम से (Google meat) से एन.एस.एस. स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य तथा एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. शशि किरण कुजुर, प्रो. राजेश द्विवेदी के मार्गदर्शन मे आयोजित इस कार्यक्रम मे क्रीडा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, प्रो. जितेन्द्र यादव, प्रो. अशोक वर्मा, द्वारा वक्तंव्य दिए गए एवं छात्र–छात्राओं द्वारा राजगीत प्रस्तुत किए गए।

19-10-2020

प्राचार्य
Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

पृ. क्रमांक / 621 / पं.मु. / 2020 भाटापारा, दिनांक 19 / 10 / 2020

**प्रतिलिपि :–**

1–आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन,अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।
2–प्राचार्य, शास.डी.के.स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार को सूचनार्थ।

19-10-2020

प्राचार्य
Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य

## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़) पिन – 493118

PH: 07726-220312 website:www.gnapgcollege.com Email:govtgnapgcollege@gmail.com

क्रमांक / 671 / पं.मु. / 2020 भाटापारा, दिनांक 05 / 12 / 2020

प्रति,

उप कुलसचिव (प्रशा.),
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

विषय– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह नवम्बर 2020।

संदर्भ– आपका पत्र क्र 2236 / सा.प्रशा. / स्वच्छता / एफ–65 / 2017 / रायपुर दिनांक 12.06.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पंचमुखी विकास कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्य किये गये –

दिनांक 26 / 11 / 2020 दिन गुरूवार को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवकों द्वारा देश की गरिमा, एकता एवं अखंडता को बनाये रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सी.आर.डहरिया ने स्वयं सेवकों को संविधान की उददेशिका के साथ शपथ ग्रहण कराया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ.शशिकिरण कुजूर एवं प्रो. राजेश कुमार के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं रा.से.यो. के स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर शपथ लेते हुए संविधान की मूल उदेशिका एवं भावना के अनुरूप कार्य करने का प्रण लिया।

प्राचार्य
Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

पृ. क्रमांक / 672 / पं.मु. / 2020 भाटापारा, दिनांक 05 / 12 / 2020

**प्रतिलिपि :–**

1–आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन,अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।
2–प्राचार्य, शास.डी.के.स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार को सूचनार्थ।

प्राचार्य
Principal
Govt. G.N.A. P.G. College, Bhatapara
Dist. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)